# ऊंट कठपुतली के लिए निर्देश

‘ऊंट की सफारी’ वीबीएस के हर दिन, एक कठपुतली प्रदर्शनी होगी जो आपके लिए कैमलॉट और कैमेलिया नामक पात्रों के बीच लिखा गया है। विद्यार्थियों को आपके वीबीएस के दौरान इन ऊंटों को जानने का आनंद मिलेगा। हम आपको इन दो कठपुतलियों को बनाने के लिए निर्देश और तरीका बताने के लिए काफी उत्साहित महसूस करते हैं। आपके पास अलग अलग सामग्रियों का उपयोग करने की आज़ादी हैं या आपके क्षेत्र में उचित मूल्य पर आसानी से उपलब्ध समानों को भी चुन सकते हैं।

.

1. 1. सामग्रियों को इकट्ठा करें जिसमें आपको नीचे लिखी चीज़ों की जरूरत होगीः

- कैंची
- पेंसिल (कपड़े पर डिजाइन को बनाने के लिए)
- गोंद (जल्दी चिपकने वाला, जो कपड़े पर सही तरह से काम करता हैः जैसे कि सिलिकॉन या गर्म गोंद)
- स्टफिंग या भरने के लिए कपड़े, चुन्नी अच्छी तरह से काम करती है, लगभग 1/2 मीटर लम्बा
- गत्ता (मुंह को मजबूत करने के लिए)
- बड़ी छेद वाली सिलाई की सुई
- हल्के वजन के धागे
- छोटे पोम्पन्स (थर्मोकोल की छोटी गेंदे)
- 1 मीटर लम्बा ऊंट के रंग का खुरदरा कपड़ा
- काले रंग का छोटा सा कपड़े का टुकड़ा (नाक के लिए काला या भूरा), लाल रंग का मुंह के लिए, और अगर हो तो कानों के लिए गुलाबी रंग का कपड़े का टुकड़ा।

2. वेबसाइट से पीडीएफ पैटर्न शीट डाउनलोड करें और 11x 17 के या A3 आकार के बड़े पन्ने का इस्तेमाल करके दो कॉपी प्रिंट करें (या छोटे पृष्ठों पर प्रिंट करें और एक साथ टेप से चिपका दें)। लिफाफे के आकार या A4 आकार के पेपर का उपयोग करके छोटे पन्ने की एक कॉपी प्रिंट करें।

• ऊंट के सिर का डिज़ाइन

• मुंह का डिज़ाइन

• नाक का डिज़ाइन

• कान का डिज़ाइन

ऊंट के लिए आवश्यक कपड़ों को खरीदें। हम मोटे कपड़े की सलाह देते हैं, क्योंकि यह मजबूत होता है और धागा निकलता भी नहीं है। जबकि, आप अपने इलाके में जो भी सस्ते कपड़े पा सकते हैं, उसका उपयोग कर सकते हैं। लेकिन हम यही सलाह देते हैं कि वह एक मोटा या मजबूत कपड़ा हो।

नीचे कपड़े की मात्रा एक अनुमान है। जब आप कपड़े खरीदने के लिए जाते हैं, तो अपने साथ डिजाइन को भी लेकर जाएं ताकि यह सुनिश्चित कर सके कि आपके पास पर्याप्त कपड़ा हो।


ऊंट का रंग (हल्का भूरा या मटमैला): 1 मीटर

लाल 1/8 मीटर

भूरा या काला 1/8 मीटर (यदि संभव हो तो इससे भी कम)


धागा: बालों के लिए भूरे रंग का 1/4 पैकेज।

1/3 पैकेट अलन अलग रंग के 13 मि.मी. आकार के पोम्पन (थर्मोकोल की छोटी गेंदे)



## आपके कठपुतली को बनाना

1. शरीर और मुंह के लिए कपड़े को काटें।
- शरीर के लिए दो टुकड़े काटें
- मुंह के लिए एक टुकड़ा काटें



2. सिर के टुकड़ों को आपस में सील दें लेकिन मुंह और नीचे के भाग को खुला छोड़ दें जिसमें आपका हाथ जाएगा।

3. सीधे किनारों को खुला छोड़ते हुए मुंह के ऊपरी भाग के दोनों टुकड़ों को एक साथ सीलें। मुंह के निचले भाग के लिए भी ऐसा ही करें। किनारे के छोटे भाग को सिर के सीधे छोटे निचले हिस्से के साथ सीलें। लंबे खुले किनारों को मुंह के अंदर के लिए छोड़ दें।

4. कपड़े को अंदर बाहर रखते हुए, मुंह के टुकड़े को खोलें और खुले हुए भाग में लाल मखमली कपड़े को पिन करें। लाल मुंह को आधे हिस्से में मोड़ें जहाँ मुँह के कोनों को सही ढंग से खोलने के लिए जुड़ा होना चाहिए। ध्यान से लाल मुंह के चारों ओर सीलें, और इसे सिर के साथ जोड़ दें।


5. सिर को दाईं ओर से बाहर की ओर घुमाएं ताकि सारी सिलाई के निशान अंदर की तरफ हों। मुंह के अंदर के लिए गत्ते के टुकड़ों को काटें। यदि नालीदार गत्तों का इस्तेमाल किया जाता है, तो सांचे को समतल भाग में बनाने की कोशिश करें न कि नालीदार लाइनों पर जहां यह आसानी से मुड़ जाएगा। इसे आधे हिस्सों में काटें और 2 सेमी के अंतर को छोड़ते हुए ऊपर से नीचे तक टेप से चिपकाएं।

6. मुंह की लंबाई के बराबर भराव (तकिया के गद्दे) के दो टुकड़े काट लें, लेकिन इतना चैड़ा हो कि उसे आसानी से एक टुकड़े में भरा जा सके, फिर उस प्रत्येक भराव के प्रत्येक टुकड़े को ऊंट की नाक के ऊपर और नीचे भरें। नाक को मजबूत बनाने के लिए पर्याप्त भराव भरें। जब आप कठपुतली को चलाते हैं तो आपका हाथ गत्ते के टुकड़ों को छूना चाहिए। भराव के एक और बड़े टुकड़े को लेकर ऊंट के सिर के साथ इसी प्रक्रिया को दोहराएं, इसे चेहरे और सिर में मजबूती से धकेलें, जिससे कुछ भाग उसकी गर्दन के नीचे आ सके। कठपुतली को चलाते समय आपका हाथ गर्दन के सामने और मुंह के पहले हिस्से पर होगा।


7. अपने हाथ के चारों ओर कई मीटर धाग को बांध लें, लेकिन अपनी उंगलियों को फैलाकर इसे हटाने लायक आसान बनाएं। इसके बीच में गांठ बाँध लें और ऊंट के 'बालों' का गुच्छा बनाने के लिए इसके छोर को फैला दें और इसे सिलिकॉन गोंद के साथ सिर के ऊपरी भाग पर संलग्न करें।

8. यदि आप ऊंट के पलकें बनाना चाहते हैं (जैसा कि हमने कैमलॉट के साथ किया है) तो ऊंट के रंगीन कागज के सांचे के चारों ओर चित्र बनायें और उन्हें काट लें। पहले चेहरे पर आंखों को चिपकाये, फिर बीच के भाग को ऊपर की ओर उठाते हुए अपनी उंगली का इस्तेमाल करते हुए उन पर पुतलियों को चिपकायें ताकि यह नीचे के हिस्से पर चिपक न जाए। यदि केमेलिया बनाते हैं, तो आप आंखों में लगाने के लिए काजल का इस्तेमाल कर सकते हैं जो आसानी से खरीदा जा सकता है या इसे काले रंग के कपड़े को काटकर भी बनाया जा सकता है।

9. प्रदान किए गए पैटर्न को छापकर कानों को बड़ा बनाया जा सकता है या इसे छोटा करने के लिए काट भी सकते हैं। जैसा कि हमने केमेलिया के साथ किया, उसी तरह गुलाबी रंग मिलाना भी एक अच्छा वैकल्पिक है। हमने ऊंट के कान के रंग के कपड़े के बीच गुलाबी रंग को जोड़ने के बाद उसके किनारे पर सिलाई की है ताकि इस अधिक मजबूती मिल सके और नीचे झुक न जाएं। यह निश्चित करें कि कानों को सिर के किस हिस्से में जोड़ा जाए और यदि आप उन्हें सपाट या अंदर की ओर सीलना पसंद करते हैं तो उसे थोड़ा घुंघराले भी बना सकते हैं। गर्म गोंद उन्हें सही जगह में जल्दी से चिपकने के लिए बहुत अच्छा काम करता है।



10. कैमेलिया के लिए नाक बनाने में केवल काले रंग के छोटे नाक की आकृति को काट लें और फिर उसे उसके चेहरे पर दोनों तरफ चिपका लें। कैमलोट की नाक में काले रंग के 'नथुने' को शामिल करने के लिए एक दूसरी नाक के अलावा एक छोटे से सिलाई को नीचे की ओर जोड़ा गया है जो कठपुतली को एक बड़ी नाक के साथ साथ अतिरिक्त जगह भी प्रदान करता है।



11. कैमिलिया पर सजावट और कढ़ाई को धागे से बनाई गई है और उस पर पोम्पन को सिलाई करके, उन्हें थोड़ा फैलाकर सीला गया है। आकर्षक ट्रिम को किसी भी तरह से चित्रित करें जो आपको पसंद है और इसे उस जगह में चिपका दें। इसी प्रक्रिया को कैमलॉट के लिए घुंघराले रिबन के साथ किया जा सकता है। अपनी चार उंगलियों के चारों ओर घुंघराले रिबन को घुमाकर बांधकर, इसे निकाल के और एक हिस्से पर कई सारे गांठों को बांधकर झुमकों को तैयार किया जा सकता है। रंगीन झुमके बनाने के लिए विपरीत छोर को काट लें। उसकी कढ़ाई में चिपका लें, जिसे घुंघराले रिबन से बनाया गया है जिसे आप उसकी नाक के चारों ओर लपेटते हैं।

12. अंत में अपने ऊंटों के लिए अपने गले से मजेदार आवाज विकसित करने का अभ्यास करें जो आपकी कठपुतली के लिए बिल्कुल उपयुक्त हो।